1.	**Loan Account Nos. HE01DEI00000090232** **1.AJAY KANSAL (APPLICANT)** 666, PUKHTA BAZAR, JAHANGIRABAD, BULANDSHAHR,UTTAR PRADESH-202394 ALSO AT,FLAT NO. 105, 1ST FLOOR, SURYA KANISHK, TOWER, PLOT NO.26, SECTOR-4, VAISHALI, GHAZIABAD, UTTAR PRADESH-201010. **2.SHIVANI KANSAL (CO-APPLICANT)** 666, PUKHTA BAZAR, JAHANGIRABAD, BULANDSHAHR, UTTAR PRADESH -202394 ALSO AT,FLAT NO. 105, 1ST FLOOR, SURYA KANISHK, TOWER, PLOT NO.26, SECTOR-4, VAISHALI, GHAZIABAD, UTTAR PRADESH-201010. **3.M/S AGRAWAL TRADING CO.(THROUGH ITS PROP. AJAY KANSAL (CO-APPLICANT)** NAI MANDI, JAHANAGIRABAD, BULANDSHAHAR, UTTAR PRADESH – 203394.	16-09-2025	Rs. 2,01,37,023/- as on 10-09-2025	FLAT NO. 105, FIRST FLOOR (WITHOUT ROOF RIGHTS) HAVING SUPER AREA 3205 SQ. FT. OR 297.75 SQ. MTRS. (COVERED AREA 2340 SQ. FT. OR 217.39 SQ. MTRS.) CONSISTING OF 1 DRAWING CUM DINNING ROOM, 4 BED ROOMS, 1 KITCHEN, 3 TOILETS, 1 SERVANT ROOM AND BALCONIES ALONG WITH ONE OPEN CAR PARKING, BUILT IN GROUP HOUSING COMPLEX 'SURYA KANISHK TOWER' SITUATED AT VAISHALI GROUP HOUSING PLOT NO. 26, SECTOR- 4, VAISHALI, GHAZIABAD, TEHSIL AND DISTT. GHAZIABAD (U.P).	02.09.2026 Physical

Date: 02.09.2026 **Authorised Officer**
Place: GHAZIABAD **Cholamandalam Investment And Finance Company Limited**

ASIA PACK LIMITED

ASIAPack
REGISTERED OFFICE: 3RD FLOOR, MIRAJ CAMPUS, UPER KI ODEN, NATHDWARA, RAJSAMAND, RAJASTHAN, INDIA, PIN-313301
CIN : L74950RJ1985PLC003275
Tel. No. 1800 120 3699; Email: cs.asiapack@mirajgroup.in; Website: www.asiapackltd.com

NOTICE OF 41st ANNUAL GENERAL MEETING,
(BOOK CLOSURE AND REMOTE E-VOTING INFORMATION)

This Notice is published pursuant to the provisions of Section 108 of the Companies act, 2013 read with the Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014.

Dear Member(s),
Notice is hereby given that the 41st Annual General Meeting ("Meeting" or "AGM") of the Members of Asia Pack Limited ("Company" or "APL") will be held on Tuesday, 29th day of September, 2026 at 11:00 A.M. at the registered office of the company at 3rd Floor, Miraj Campus, Uper Ki Oden, Nathdwara, Rajsamand, Rajasthan, India, PIN-313301 to transact the business, as set out in notice of AGM dated 13th August, 2026; in compliance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 ("the Act") and rules framed thereunder and provision of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("Listing Regulations").
Notice of the AGM, along with the Annual Report for the year 2025-26 has been sent through electronic mode only to those members whose email addresses are registered with the Company / Depository Participants. The electronic dispatch of Notice of the AGM, along with the Annual Report for the year 2025-26 has been completed on 02nd September, 2026. Further, in accordance with Regulation 36(1)(b) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, a letter containing the weblink, including the exact path to access the complete Annual Report, along with the Proxy Form, Attendance Slip, Route Map to the venue of the AGM, and a request letter for updating KYC details by shareholders holding shares in physical form has also been sent to all members who have not registered their email addresses with the Company or their respective Depository Participants. The dispatch of the aforesaid letter was completed on 04th September, 2026.
Members may note that the Notice and Annual Report of the financial year 2025-26 are available on the website of company at http://www.asiapackltd.com/Content/UPLOADED/Annual-Report-2025-2026.pdf and website of the BSE Limited at www.bseindia.com or website of NSDL at www.evoting.nsdl.com.
Pursuant to Section 91 of Companies Act, 2013 readwith Rule 10 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 and Regulation 42 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Register of Members and Share Transfer Books of the Company will remain closed from Wednesday, 23rd September 2026 to Tuesday, 29th September, 2026, (both days inclusive) for the purpose of 41st AGM of the Company.
Pursuant to the provisions of section 108 of the Companies Act, 2013, readwith Rule 20 and Rule 21 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended from time to time, Regulation 44 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements), Regulations, 2015, including any amendment(s), modification(s) or variation(s) thereof and Secretarial Standard on General Meetings ("SS-2") issued by the Institute of Company Secretaries of India, the Company is pleased to provide its Members the facility to cast their votes on the resolutions set forth in the Notice using electronic voting system from a place other than the venue of the AGM ("remote e-voting"), provided by NSDL and the business may be transacted through such remote e-voting. Only persons holding shares either in physical or in dematerialized form as on Tuesday, 22nd September 2026 ("Cut-off Date"), are entitled to avail the facility of remote e-voting or voting at the AGM on the resolution set forth in the Notice.
All the members are informed that:

a. The business as set out in the Notice of AGM may be transacted through remote e-voting.
b. The facility for voting through ballot paper / polling paper shall be made available at the AGM.
c. The remote e-voting shall commence on Friday, 25th September, 2026 at 09:00 A.M. and end on Monday 28th September, 2026 at 05:00 P.M.;
d. The remote e-voting module shall be disabled by NSDL after 05.00 P.M. on Monday 28th September, 2026 and Members shall not be allowed to vote through remote e-voting thereafter. Once the vote on a resolution is cast by a Member, the Member shall not be allowed to change the vote subsequently.
e. The cut-off date for determining the eligibility to vote by electronic means or at the AGM is 22nd September, 2026;
f. Any person, who acquires shares of the Company and become member of the Company after dispatch of the Notice of AGM and holding shares as on the cut-off date i.e. 22nd September, 2026 may obtain the user ID and password by sending a request at evoting@nsdl.com. However, if a person is already registered with NSDL for remote e-voting then existing user ID and password can be used for casting vote;
g. The Members who have cast their votes by remote e-voting prior to the AGM may attend the AGM but shall not be entitled to cast their votes again
h. For electronic voting instruction members may go through the instructions sent alongwith the Notice of AGM, in case of any queries, Members may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) for shareholders and e-voting user manual for Shareholders available at the 'download' section of NSDL's e-voting website www.evoting.nsdl.com or may call on Toll free no. 022 - 4886 7000 or send a request to Ms. Pallavi Mhatre at evoting@nsdl.com. In case of any grievances regarding the facility of e-voting, Members may contact: Ms. Pallavi Mhatre, Designation: Deputy Vice President, NSDL, Address: 301, 3rd Floor, Naman Chambers, G Block, Plot No. - C32, Bandra Kurla Complex, Bandra East, Mumbai - 400051; E-mail id: evoting@nsdl.com.; and Toll free no: 022 - 4886 7000.

Place: **Nathdwara**
Date: **04th September, 2026**

By Order of the Board of Directors,
For **Asia Pack Limited,**
Sd/-
Lakshit Samar
Company Secretary and Compliance Officer
ICSI Membership No. ACS64788

हीरे से लेकर हथियारों तक बेल्जियम के साथ मिल भारत ने यूरोप के लिए बनाया बड़ा गेम प्लान

भारत और बेल्जियम के रिश्तों की सबसे चमकदार पहचान हीरे रहे हैं। एंटवर्प से मुंबई और सूरत तक फैला कारोबार दोनों देशों को जोड़ता रहा है। लेकिन अब यह रिश्ता सिर्फ चमकते हीरों तक सीमित नहीं रहने वाला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर की नई दिल्ली में हुई मुलाकात ने भारत-बेल्जियम संबंधों को रक्षा, सेमीकंडक्टर, हरित ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज, समुद्री सुरक्षा, अंतरिक्ष, साइबर सुरक्षा और निवेश जैसे रणनीतिक क्षेत्रों तक विस्तार देने का स्पष्ट रोडमैप तैयार कर दिया है। बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर की 2 से 4 सितंबर की भारत यात्रा और दोनों देशों के बीच हुए समझौते इस बात का संकेत हैं कि बदलती वैश्विक व्यवस्था में भारत यूरोप के साथ अपने संबंधों को नई सामरिक गहराई दे रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की कूटनीति का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यही है कि भारत अब द्विपक्षीय संबंधों को अलग-अलग घटनाओं के रूप में नहीं, बल्कि व्यापार, सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और वैश्विक राजनीति को जोड़कर एक व्यापक रणनीतिक ढांचे में आगे बढ़ा रहा है।

इतिहास की साझी विरासत, भविष्य की रणनीतिक साझेदारी: हम आपको बता दें कि भारत-बेल्जियम संबंधों की जड़ें गहरी हैं। प्रथम विश्व युद्ध में फ्लैंडर्स के युद्धक्षेत्रों में 9,000 से अधिक भारतीय सैनिकों ने सर्वोच्च बलिदान दिया था। बेल्जियम स्वतंत्र भारत के साथ 1947 में राजनयिक संबंध स्थापित करने वाले शुरुआती यूरोपीय देशों में शामिल था।

अब 2027 में दोनों देश अपने राजनयिक संबंधों की 80वीं वर्षगांठ मनाएंगे। प्रधानमंत्री डी वेवर ने भारत यात्रा की शुरुआत राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देकर की। यह प्रतीकात्मक घटना उस रिश्ते की ओर इशारा करती है जिसकी बुनियाद लोकतंत्र, कानून के शासन, बहुलवाद और आपसी विश्वास पर टिकी है।

लेकिन इस बार इतिहास से अधिक महत्वपूर्ण भविष्य है। 15 जुलाई 2026 को ब्रुसेल्स में शुरू हुआ पहला भारत-बेल्जियम रणनीतिक संवाद अब दोनों देशों के संबंधों को नियमित और व्यापक संस्थागत आधार देगा। इसके तहत व्यापार और निवेश से लेकर हरित परिवर्तन, प्रौद्योगिकी, संपर्क, रक्षा और सुरक्षा तक सहयोग के लिए एक स्थायी मंच तैयार किया गया है।

ऐसे समय में जब वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं भू-राजनीतिक तनाव, युद्ध और आर्थिक प्रतिस्पर्धा से प्रभावित हैं, भारत-ईयू आर्थिक साझेदारी का विस्तार केवल व्यापारिक मामला नहीं है। यह वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को चीन-केंद्रित निर्भरता से बाहर निकालने और अधिक विविध तथा सुरक्षित व्यवस्था बनाने की रणनीति भी है।

बेल्जियम इस समीकरण में विशेष भूमिका निभा सकता है। एंटवर्प यूरोप के सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक और बंदरगाह केंद्रों में है। दूसरी ओर भारत हिंद महासागर क्षेत्र में एक विशाल बाजार और तेजी से उभरती आर्थिक शक्ति है। दोनों देशों का सहयोग यूरोप और भारत के बीच एक नए आर्थिक एवं लॉजिस्टिक गलियारे की नींव बन सकता है।

पांच साल में व्यापार दोगुना करने का लक्ष्य: दोनों प्रधानमंत्रियों ने अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए इंडिया-बेल्जियम इन्वेस्टमेंट फास्ट-ट्रैक मैकेनिज्म शुरू किया गया है, जो निवेश संबंधी बाधाओं को दूर करने और कंपनियों को सहायता देने का काम करेगा। बेल्जियम की संप्रभु निवेश संस्था एसएफपीआईएम और भारत के नेशनल इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड यानि एनआईआईएफ के बीच सहयोग से एक संभावित भारत-बेल्जियम आर्थिक और निवेश गलियारे की दिशा में भी काम होगा। सहयोग के नए क्षेत्रों की सूची बेहद महत्वपूर्ण है। इसमें सेमीकंडक्टर, फार्मास्यूटिकल्स, जैव प्रौद्योगिकी, रसायन, रक्षा विनिर्माण, महत्वपूर्ण खनिजों की रिफाइनिंग और रिसाइक्लिंग, परमाणु ऊर्जा और उन्नत विनिर्माण शामिल हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने साफ कहा कि बेल्जियम की सेमीकंडक्टर विशेषज्ञता और भारत का विशाल औद्योगिक पैमाना एक-दूसरे के पूरक हैं। बेल्जियम के विश्वस्तरीय आईमेक संस्थान को भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम से जोड़ने की पहल भविष्य में तकनीकी आत्मनिर्भरता के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

रक्षा सहयोग: रिश्तों का सबसे बड़ा रणनीतिक बदलाव

इसके अलावा, भारत-बेल्जियम संबंधों में सबसे महत्वपूर्ण बदलाव रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में दिखाई देता है। दोनों देशों के रक्षा मंत्रालयों के बीच हस्ताक्षरित लेटर ऑफ इंटेंट नियमित सैन्य संवाद, स्टाफ वार्ता, प्रशिक्षण, अनुसंधान और रक्षा औद्योगिक साझेदारी का ढांचा तैयार करेगा। दोनों देश रक्षा सह-विकास और सह-उत्पादन की संभावनाएं तलाशेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्नत रक्षा उपकरणों, विशेष रूप से जोरावर टैंक जैसे क्षेत्रों में सहयोग का उल्लेख किया।

साथ ही बेल्जियम का नई दिल्ली में रक्षा अताशे नियुक्त करना और भारत का ब्रुसेल्स में स्थायी रक्षा अताशे नियुक्त करने का फैसला रिश्तों की बदलती प्राथमिकताओं का स्पष्ट संकेत है। बेल्जियम का युद्धपोत एलईओपोल्ड 1 नवंबर 2026 को भारत आएगा। यह मात्र नौसैनिक दौरा नहीं, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ते सहयोग का संकेत है। इतिहासकितावें खोजें

इसके अलावा, भारत और बेल्जियम ने आतंकवाद के खिलाफ भी मजबूत साझा रुख अपनाया है। बेल्जियम ने पहलगाम में 2025 के आतंकी हमले की निंदा दोहराई और सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ एकजुटता दिखाई। दोनों देशों ने आतंकवाद, उसके सुरक्षित ठिकानों और वित्तपोषण के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया।

वहीं, सीबीआई और बेल्जियम की संघीय पुलिस के बीच समझौता संगठित अपराध और साइबर अपराध के खिलाफ सहयोग को नई ताकत देगा। सूचना साझा करने, भगोड़ों का पता लगाने और क्षमता निर्माण में यह समझौता महत्वपूर्ण होगा।

ग्रीन हाइड्रोजन से समुद्री शक्ति तक: साथ ही हरित ऊर्जा सहयोग भी इस यात्रा की बड़ी उपलब्धि है। नवीकरणीय ऊर्जा पर नए एमओयू के तहत ग्रीन हाइड्रोजन, सौर ऊर्जा, ऊर्जा भंडारण, अपतटीय पवन ऊर्जा, बायो-एनर्जी और पंप्ड स्टोरेज में सहयोग बढ़ेगा। ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन से लेकर परिवहन, भंडारण और अंतिम उपयोग तक पूरी वैल्यू चेन में साझेदारी की योजना बनाई गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने आंध्र प्रदेश के काकीनाडा में विकसित हो रहे विशाल ग्रीन अमोनिया प्रोजेक्ट का भी उल्लेख किया।

समुद्री और बंदरगाह सहयोग भी सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। एंटवर्प और फ्लैंडर्स की बंदरगाह विशेषज्ञता, भारत के तेजी से विकसित होते बंदरगाह नेटवर्क और हिंद महासागर में भारत की भूमिका मिलकर नई संभावनाएं पैदा कर सकती हैं। लॉजिस्टिक्स, ड्रेजिंग, बंदरगाह विकास और अपतटीय पवन ऊर्जा में बेल्जियम की विशेषज्ञता भारत के लिए उपयोगी हो सकती है।

वैश्विक राजनीति में साझा संदेश: इसके अलावा, दोनों नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की जरूरत पर जोर दिया। बेल्जियम ने एक बार फिर विस्तारित और सुधारित सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया। दोनों देशों ने एक-दूसरे की अस्थायी सदस्यता की उम्मीदवारी का भी समर्थन किया।

यह भारत की उस विदेश नीति के अनुरूप है जो किसी सैन्य गुट का हिस्सा बनने के बजाय संवाद, बहुपक्षवाद और रणनीतिक स्वायत्तता को प्राथमिकता देती है।

मोदी की कूटनीति का बड़ा संदेश: देखा जाये तो भारत-बेल्जियम संबंधों का नया अध्याय प्रधानमंत्री मोदी की व्यापक कूटनीतिक सोच को दर्शाता है। मोदी ने पुराने हीरा व्यापार को आधुनिक रणनीतिक साझेदारी में बदलने का प्रयास किया है। अब एंटवर्प-मुंबई-सूरत का संबंध सेमीकंडक्टर, ग्रीन हाइड्रोजन, रक्षा उत्पादन, समुद्री संपर्क और निवेश से जुड़ रहा है।

यही इस यात्रा की सबसे बड़ी उपलब्धि है कि भारत ने यूरोप के साथ अपने संबंधों को केवल बाजार तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्हें सुरक्षा, तकनीक और भू-राजनीति से जोड़ दिया है।

प्रधानमंत्री मोदी की कूटनीति की सफलता इस बात में है कि भारत आज एक साथ अमेरिका, यूरोप, रूस और ग्लोबल साउथ के साथ अपने हितों के आधार पर संबंधों को आगे बढ़ा रहा है। बेल्जियम के साथ यह नई साझेदारी भी उसी संतुलित और बहुआयामी कूटनीति का उदाहरण है।

बहरहाल, हीरों की चमक से शुरू हुआ भारत-बेल्जियम संबंध अब हाई-टेक, हरित ऊर्जा और रक्षा सहयोग की नई रोशनी में प्रवेश कर रहा है।

यदि तय समझौते जमीन पर उतरे, तो यह साझेदारी केवल दो देशों के रिश्तों को नहीं, बल्कि भारत-यूरोप के पूरे रणनीतिक समीकरण को नई दिशा दे सकती है।

-नीरज कुमार दुबे

(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

श्री कृष्ण जन्माष्टमी: भजनों के आनंद में डूबे मुस्कान क्लब के सदस्य



उदयपुर, (नसं)। जन्माष्टमी के पावन अवसर पर गड्डाणी फाउंडेशन द्वारा ओरिएंटल पैलेस रिजॉर्ट के रिवाह हॉल में श्री नारायण स्वामी सत्संग मंडल द्वारा कृष्ण भजनों की अत्यंत भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई, जिससे प्रेरित होकर उपस्थित सारे श्रोतागण नृत्य करने को विवश हो गए। मीडिया प्रभारी प्रोफेसर विमल शर्मा ने बताया कि तीन घंटे की इस भजन संध्या में संरक्षक श्रीमती कौशल्या गड्डानी, डॉ श्रद्धा गड्डानी साहित परिवार जन, मुस्कान कार्यकारिणी एवं सदस्यों सहित 225 भक्तों ने कृष्ण भजनों का रसास्वादन किया ।

17 पंचायतों में क्रॉस-लर्निंग की पहल, विज्ञान प्रदर्शनी में दिखी युवाओं की रचनात्मकता



उदयपुर, (नसं)। जिले के चयनित 17 पंचायत क्षेत्रों में आख्यान फाउंडेशन द्वारा युवाओं एवं बुजुर्गों के साथ क्रॉस-लर्निंग के अवसर विकसित किए जा रहे हैं। इसी पहल के तहत आज युवाओं द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विज्ञान एवं तकनीक को दैनिक जीवन से जोड़ते हुए विभिन्न उपयोगी और रचनात्मक मॉडल प्रस्तुत किए गए। प्रदर्शनी में 'कबाड़ से जुगाड़' की अवधारणा विशेष आकर्षण का केंद्र रही। युवाओं ने आसपास उपलब्ध अनुपयोगी सामग्री से पवन चक्की, पानी से बिजली बनाने की प्रक्रिया, पानी को साफ करने की मिनी ऋह मशीन सहित कई वैज्ञानिक मॉडल तैयार कर प्रदर्शित किए। युवाओं ने इन मॉडलों की कार्यप्रणाली को सरल तरीके से समझाते हुए बताया कि रचनात्मक सोच और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के माध्यम से उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर स्थानीय जरूरतों से जुड़े समाधान विकसित किए जा सकते हैं। आख्यान फाउंडेशन की इस पहल के तहत जिले के 17 पंचायत क्षेत्रों में पीढ़ियों के बीच ज्ञान और अनुभव का आदान-प्रदान किया जा रहा है। जहां बुजुर्ग अपने जीवन अनुभव, पारंपरिक ज्ञान और स्थानीय समझ के माध्यम से युवाओं का मार्गदर्शन कर रहे हैं, वहीं युवा बुजुर्गों के साथ डिजिटल तकनीक, विज्ञान और आधुनिक जानकारी साझा कर रहे हैं। विज्ञान प्रदर्शनी इसी आपसी सीख का एक उदाहरण है, जिसने युवाओं को अपनी वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और नवाचार को प्रदर्शित करने का मंच दिया। वहीं बुजुर्गों को नई तकनीक और वैज्ञानिक प्रयोगों को समझने का अवसर मिला। यह पहल समुदाय में आपसी सीख, पीढ़ियों के बीच संवाद, वैज्ञानिक सोच, नवाचार और सहभागिता को मजबूत करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास के रूप में सामने आ रही है।

5 सितंबर शिक्षक दिवस पर विशेष

शिक्षा व्यवस्था में बेरोजगार युवा कॉकरोच

वेदव्यास

हमारा लोकतंत्र पिछले कई वर्षों से बहुत हैरान और परेशान है। कहने के लिए तो कहते हैं अपनी तो हर आह, एक तूफान है। ऊपरवाला जानकर अंजान है। लेकिन जहां चाह है, वहां राह भी है। इसीलिए हम बोले जा रहे हैं। सब धैर्य से सुने जा रहे हैं। कोई मान रहा है कोई नहीं मान रहा है। क्या करें उम्मीदों के बूढ़े बरगद अब कोई फल नहीं दे रहे। जब से भारत की युवा पीढ़ी में बहुमत का जोश और होश बढ़ा है तब से गरीब और बीमार जनता-सांप की बांबी पर बैठकर मंत्रपाठ कर रही है। सांप और नेवले का गांव, शहर और महानगर तक गृह युद्ध चल रहा है।

लोकतंत्र में रागदरबारी' की ऐसी धुन बज रही है कि एक के बाद एक पुराने ढांचे गिराए जा रहे हैं। सो साल से ज्यादा उम्र के मकान ठंडे हो रहे हैं और नए भारत की नई इमारतें बन रही हैं। हम स्मार्ट हो रहे हैं। हम सुपर हाईवे पर दौड़ रहे हैं। रेल की पुरानी पटरियों पर रोबोट से बुलट एक्सप्रेस का स्टेशन बना रहे हैं। ठीक वैसे ही जैसे नर्बदा नदी के सरदार सरोवर बांध की गोद में स्टेच्यू ऑफ यूनिटी खड़ी करके पर्यटन और परम्परा का संग्रहालय बनाया गया है। अब हम अपनी गंदी राजनीति के गंदे खेल में आत्म गौरव जगाते हुए सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का हिंदुत्व पढ़ा रहे हैं।

हम नहीं जानते कि हम किधर जा रहे हैं। कभी हम सोवियत रूस बन रहे थे आज हम अमरीका जैसे बनने की ललक में चीन से टकरा रहे हैं। सरकार और जनता के बीच सामाजिक-आर्थिक नीतियों को लेकर कोई तालमेल नहीं है। जिस तरह पाकिस्तान को उसके जन्म से लेकर अब तक अल्लाह, आर्मी और अमरीका चलाता आया है उसी तरह भारत को भी आजादी से लेकर अब तक भय, भाग्य और भगवान ही चला रहा है। लोकतंत्र और संविधान कमजोर हो रहा है।

विधायिका और कार्यपालिका के गठजोड़ ने न्यायपालिका की गर्दन पर तलवार लटका दी है और यही कारण है कि भारत में सभी प्रदेशों का संघीय गणराज्य टकराव और अलगाव की तरफ जा रहा है।

हमारे लोकतंत्र में पहले गरीबी, अशिक्षा, कुपोषण और जाति-धर्म की कोढ़ फैली हुई थी फिर उसमें कोरोना की महामारी ने सामाजिक-आर्थिक बदहाली की खाज-खुजली मचाई और इससे भी आगे हमारी सरकार पर अब सांस्कृतिक हिंदू राष्ट्रवाद का भूत सवार है। पूरे देश में सांप्रदायिकता की शाखाएं सक्रिय हैं और गुजरात से असम और दिल्ली से दर्सा दिशाओं में वेद-पुराणों की गौरव गाथाएं सुनाई जा रही हैं।

हमारे प्रधानमंत्री ने अकेले दिन-रात संदेश, उपदेश और मंत्र देने के सभी विश्व रिकार्ड तोड़ दिए हैं। आश्चर्य तो यह है कि हमारा भारत, गरीबी और अमीरी के दो पाटों में पिस रहा है और संसद मौन है। क्योंकि यहां जनता का सामूहिक विपक्ष गौण है। सरकार की कहीं कोई जवाबदेही नहीं है। आलम ये है कि पूरा 140 करोड़ देश-वासियों का भूत, भविष्य और वर्तमान एक राष्ट्रपुरुष ही चला रहा है और लोकतंत्र की इंद्रसभा हरिकीर्तन कर रही है। इस नए भारत में लोकप्रिय बहुमत का आदेश ही लोकतंत्र में तानाशाही का दूसरा नाम है।

असल में हमारी इस दुर्दशा का मूल कारण यह है कि विपक्षी दलों को उनकी संकीर्णता, भय और स्वार्थ की राजनीति ने तबाह कर दिया है और सरकार ने शाम, दाम दंड, भेद से फूट डालो-राज करो का तूफान मचा रखा है। जनता के साहस को राजनैतिक दलों को फूट ने दिशाहीन बना दिया है और इसीलिए सरकार बेरोजगारी और बढ़ते अपराध तथा सामाजिक-आर्थिक बदहाली के सभी सवालों पर मौन है और मुस्करा रही है। मीडिया, मनी पावर और मसल पावर सभी सरकार के तंत्र, मंत्र और यंत्र से चल रहे हैं। जनता के सभी विकल्प आज बेअसर हैं क्योंकि चुनाव-दर-चुनाव जनता का धर्म और जाति के हथियारों से ध्रुवीकरण हो रहा है। उत्तर भारत-हिंदुत्व की सरकारी लहरों पर तैर रहा है।

हम खुद लोकतंत्र की गरीबी में आटा गीला कर रहे हैं और बात-बात पर मर रहे हैं। हम अभी तक यह बात नहीं समझ रहे हैं कि भारत के लोकतंत्र को आज धर्म और जाति की तानाशाही ने जकड़ लिया है और ऊपरवाला नीचेवाले को देखकर भी अनदेखा रहा है। हमारी अपनी फूट ने हमें लाचार और बीमार बना दिया है क्योंकि हम अपने कुंभ स्नान और कांवड़ यात्रा, रथयात्रा और तीर्थयात्रा में फंसे हुए हैं। कोरोना में लाखों मर गए फिर भी देश चल रहा है तो करोड़ों प्रवासी मजदूर बर्बाद हो गए फिर भी देश चल रहा है तो शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, राशन, पानी चौपट हो गए फिर भी देश चल रहा है और हम गुजरते हुए कारवां देख रहे हैं।

(लेखक साहित्य मनीषी एवं वरिष्ठ पत्रकार हैं)

संत अमरा जी भगत के 184वें जन्मोत्सव पर धरियावद में धनगर गायरी समाज ने निकाली वाहन रैली, गूंजे जयकारे



धरियावद 4 सितम्बर (निसं)। अखिल भारतीय धनगर क्षत्रिय मेवाड़ा गायरी समाज के तत्वावधान में गाडरियावास में श्री कृष्ण जन्माष्टमी एवं संत अमरा जी भगत के 184वें जन्मोत्सव के अवसर पर वाहन रैली एवं शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

इस दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल और जयकारों से गुंजायमान हो उठा। समारोह की शुरुआत गाडरियावास से हुई, जहां समाज के सभी फलो से बड़े-बुजुर्ग, युवा, महिलाएं और बच्चे अपनी पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर पहुंचे। हाथों में समाज के ध्वज लिए युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। गाडरियावास भैरूजी मंदिर से शुरू हुई यह विशाल वाहन रैली शोभा यात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। रैली के कर्मोही पुलिया पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इसके बाद शोभायात्रा कबूतर खाना और पुराना बस स्टैंड होते हुए आगे बढ़ी। रास्ते भर श्रद्धालुओं ने जगह-जगह वाहन रैली का स्वागत किया।

नगर भ्रमण के पश्चात वाहन रैली चित्तौड़गढ़ जिले की भदेसर तहसील स्थित ग्राम नरबदिया में संत अमरा जी भगत की तपोवन भूमि 'अनगढ़ बावजी' पहुंची, जहां रैली का समापन हुआ। यहां पहुंचकर समाजजनों ने संत अमरा जी के जन्मोत्सव प्रायोजित विविध धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लिया।।

लोक देवता गातोड़ जी का जन्मोत्सव आज

धरियावद 4 सितम्बर नगर के गांधीनगर स्थित श्री काली कल्याण धाम पर लोक देवता गातोड़ जी के जन्मोत्सव पर दो दिवसीय धार्मिक महोत्सव के तहत प्रथम दिन शुक्रवार को श्री राम सत्संग मंडल द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।

महंत लक्ष्मणदास वैरागी के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में देर शाम कृष्ण जन्माष्टमी पर महाआरती, मटकी फोड़ और माखन-पंजरी का भोग वितरण हुआ। लोक देवता के जन्मोत्सव आयोजन को लेकर संपूर्ण मंदिर परिसर में विशेष सजावट की गई है। शनिवार को लोक देवता गातोड़ जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। जन्मोत्सव के तहत सुबह मंत्रोच्चार के साथ भव्य हवन किया जाएगा, जिसमें कळा जी राठौड़ सरकार के आह्वान के साथ दोपहर 3.15 बजे पूर्णाहुति होगी। इसके बाद दोपहर 3.30 बजे गो-पूजन, नवकव्या पूजन और पुष्प वर्षा के साथ जयकारों के बीच जन्मोत्सव मनाया जाएगा। शाम 4.30 बजे से विशाल महाप्रसादी (भंडारा) शुरू होगी। अखिल भारतीय कळा जी संप्रदाय के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरवरदास वैरागी द्वारा दूर-दराज से पधारने वाले संतों एवं सेवकों का विशेष स्वागत किया जाएगा।

सखियों की बाड़ी केंद्रों पर हर्षोल्लास से मनाई कृष्ण जन्माष्टमी

धरियावद 4 सितम्बर कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर आईआईएफएल फाउंडेशन के सहयोग एवं सृष्टि सेवा समिति उदयपुर के तत्वावधान में धरियावद ब्लॉक के 56 सखियों की बाड़ी केंद्रों पर बालिकाओं द्वारा उत्साहपूर्वक जन्माष्टमी कार्यक्रम आयोजित किए गए। आयोजित कार्यक्रमों में बालिकाओं ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा धारण कर गीत, भजन, नृत्य, झांकी एवं मटकी सजावट जैसी विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया। ब्लॉक समन्वयक मुकेश बामणिया ने कहा ऐसे आयोजन बालिकाओं को भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों से जोड़ने के साथ उनके आत्मविश्वास और रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम क्लस्टर हेड जगदीश मेघवाल, गंगाराम मीणा एवं अनीता मीणा के मार्गदर्शन में आयोजित हुए। सेविकाओं ने बालिकाओं के साथ मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया। फाउंडेशन की निदेशक मधु जैन एवं डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट डॉ. चेतना यादव का आभार व्यक्त किया।

एशिया पैक लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: तृतीय तल, मिराज परिसर, ऊपर की ओडन, नाथद्वारा, राजसमंद, राजस्थान, भारत, पिन–313301
CIN: L74950RJ1985PLC003275
टेलीफोन नंबर: 1800 120 3699, ई–मेल: cs.asiapack@mirajgroup.in वेबसाइट: www.asiapackltd.com

41वीं वार्षिक सामान्य सभा, बुक क्लोजर तथा रिमोट ई-वोटिंग की सूचना के बारे में जानकारी
(इस सूचना का प्रकाशन कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 तथा कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 के प्रावधानों के अनुसार किया गया है।)

प्रिय सदस्यों,

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि एशिया पैक लिमिटेड ("कंपनी" अथवा "एपीएल") के सदस्यों की 41वी वार्षिक सामान्य सभा ("सभा" अथवा "एजीएम") मंगलवार, 29 सितंबर, 2026 को प्रातः 11.00 बजे पंजीकृत कार्यालय: तृतीय तल, मिराज परिसर, ऊपर की ओडन, नाथद्वारा, राजसमंद, राजस्थान, भारत, पिन–313301 पर, एजीएम नोटिस दिनांक 13 अगस्त, 2026 में निहित व्यवसाय के संपादन हेतु, कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) के सभी लागू होने योग्य प्रावधानों एवं उनके अंतर्गत बनाए गए नियमों तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षा) नियमन, 2015 (सूचीबद्ध अधिनियम) की अनुपालना में, आयोजित की जाएगी।

41वी एजीएम का नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट की सूचना सभी केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उन सदस्यों को भेजी गई है, जिनके ईमेल पते कंपनी या डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास पंजीकृत हैं। एजीएम की सूचना एवं वर्ष 2025–26 की वार्षिक रिपोर्ट का इलेक्ट्रॉनिक वितरण 02 सितंबर, 2026 को पूर्ण कर दिया गया है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियमन 36(1)(ई) के अनुसार, एक पत्र उन सभी सदस्यों को भेजा गया है, जिन्होंने अपने ईमेल पते कंपनी या अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ पंजीकृत नहीं किए हैं। इस पत्र में संपूर्ण वार्षिक रिपोर्ट तक पहुंचने हेतु वेबलिंक (सटीक पथ सहित) इसमें प्रॉक्सी फॉर्म, उपस्थिति पर्ची, एजीएम स्थल का मार्ग मानचित्र तथा भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों के लिए केवाईसी विवरण अपडेट करने का अनुरोध पत्र शामिल है। उक्त पत्र का प्रेषण दिनांक 04 सितम्बर, 2026 को पूर्ण किया गया।

नोटिस और वित्तीय वर्ष 2025–26 की वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट http://www.asiapackltd.com/Content/UPLOADED/Annual-Report-2025-2026.pdf एवं बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर और एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध है।

कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम 2014 के नियम 10 तथा कंपनी अधिनियम की धारा 91 के प्रावधानों के अनुरूप एवं भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षा) नियमन, 2015 के अधिनियम 42 के तहत कंपनी के रजिस्टर ऑफ मेंबर्स एवं शेयर ट्रांसफर बुक्स बुधवार, 23 सितम्बर, 2026 से मंगलवार, 29 सितम्बर, 2026 (दोनों दिन शामिल) तक कंपनी के 41वी एजीएम के उद्देश्य से बंद रहेंगी।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 सपठित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और नियम 21, समय–समय पर संशोधित, सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षा) नियमन, 2015 के विनियमन 44, किसी भी संशोधन(ओं), परिवर्तन(ओं) या तबदीली(ओं) सहित, एवं भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सामान्य बैठकों पर सचिवीय मानक ("एसएस–2") के प्रावधानों के अनुसार, कंपनी प्रसन्नता के साथ अपने सदस्यों को एजीएम के स्थान के अलावा "रिमोट ई–वोटिंग") किसी अन्य स्थान से नोटिस में दिए गए प्रस्तावों पर अपने मत डालने की सुविधा एनएसडीएल द्वारा प्रदत्त इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम से उपलब्ध करवाई है तथा इस तरह के रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से कार्य संपादित किया जा सकता है। मंगलवार, 22, सितंबर, 2026 ("अंतिम तिथि") पर शेयरों को भौतिक या विमुद्रीकृत रूप में धारित व्यक्ति ही रिमोट ई–वोटिंग या एजीएम में नोटिस के प्रस्ताव पर मतदान की सुविधा का लाभ उठाने का हकदार हैं।

सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि:

क. एजीएम के नोटिस में दिए गए कार्य को इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से या एजीएम में मतदान द्वारा संपादित किया जा सकता है।

ख. एजीएम में बैलेट पेपर / पोलिंग पेपर के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

ग. रिमोट ई–वोटिंग शुक्रवार, 25 सितंबर, 2026 (प्रातः 09.00) से शुरू होगी एवं सोमवार, 28 सितंबर, 2026 (सांय 05.00) को समाप्त होगा।

घ. एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई–वोटिंग 28 सितंबर, 2026, सोमवार को सांय 05.00 के बाद अक्षम कर दिया जाएगा तथा इसके बाद सदस्यों को रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से मतदान करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। किसी सदस्य द्वारा एक बार प्रस्ताव पर मत डालने के बाद, सदस्य को बाद में मत बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

ङ. इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से या एजीएम में मतदान करने की पात्रता निर्धारित करने की अंतिम तिथि 22 सितंबर, 2026 है।

च. एक व्यक्ति, जिसने नोटिस भेजे जाने के बाद अंशों का अधिग्रहण किया है और कंपनी का सदस्य बन गया है और अंतिम तिथि यानि 22 सितंबर, 2026 को अंशों को धारण किये हुए है, evoting@nsdl.com पर एक अनुरोध भेजकर ई–वोटिंग के लिए लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। तथापि, यदि कोई व्यक्ति रिमोट ई– वोटिंग के लिए पहले से ही एनएसडीएल के साथ पंजीकृत है तो मौजूदा उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड का उपयोग मत डालने के लिए किया जा सकता है।

छ. जिन शेयरहोल्डर ने एजीएम से पहले रिमोट इवोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है वह एजीएम में भाग ले सकते हैं लेकिन दोबारा वोट नहीं डाल सकते है।

ज. इलेक्ट्रॉनिक मतदान निर्देश को सदस्यों द्वारा एजीएम के नोटिस के साथ भेजे गए निर्देशों के माध्यम से देखा जा सकता है, किन्ही भी प्रश्नों की दशा में सदस्य एनएसडीएल की ई–वोटिंग वेबसाइट http://www.evoting.nsdl.com के 'डाउनलोड' खंड पर उपलब्ध अंशधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) का संदर्भ ले सकते हैं अथवा एनएसडीएल को टोल फ्री नं: 022–4886 7000 अथवा श्रीमती पल्लवी म्हात्रे को ईमेल: evoting@nsdl.com पर संपर्क कर सकते हैं। सदस्य ई–वोटिंग की सुविधा के बारे में किसी भी शिकायत की दशा में, श्रीमती पल्लवी म्हात्रे, प्रदनाम: डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट, पता: 301, तीसरी मंजिल, ननन चैंबर्स, जी ब्लॉक, प्लॉट नंबर–सी 32, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा पूर्व, मुंबई – 400051, ई–मेल आईडी: evoting@nsdl.com; और टोल फ्री नं: 022 – 4886 7000 पर संपर्क कर सकते हैं।

निदेशक मंडल के आदेश से,
कृते एशिया पैक लिमिटेड
हस्ताक्षरकर्ता/–
लक्षित सामर
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी
आईसीएसआई सदस्यता संख्या: एसीएस 64788

स्थान : नाथद्वारा
दिनांक: 04 सितंबर, 2026